बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) के कार्य कौशल में सुधार हेतु

मार्गदर्शिका (2014)

संकलित प्रारूप

- उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एमपीडब्ल्यू (महिला) के लिए कार्य संपादन पत्र
- गतिविधि मानचित्रण के साथ साप्ताहिक कार्य योजना
- कार्य के नियम
- कार्य कौशल मापन प्रक्रिया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) के कार्य कौशल में सुधार हेतु

मार्गदर्शिका

2014

संकलित प्रारूप

1. उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एमपीडब्ल्यू (महिला) के लिए कार्य संपादन पत्र
2. गतिविधि मानचित्रण के साथ साप्ताहिक कार्य योजना
3. कार्य के नियम
4. कार्य कौशल मापन प्रक्रिया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

पाठक के लिए नोट

बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) के कार्य कौशल में सुधार के लिए मार्गदर्शिका उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ महिला एमपीडब्ल्यू के लिए व्यापक कार्य संपादन पत्र है। इस मार्गदर्शिका में महिला एमपीडब्ल्यू के लिए साप्ताहिक कार्य समयावली का प्रारूप, कार्य विभाजन और उप स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों के लिए कार्य और कार्य संबंधित निर्देश भी शामिल है। इस मार्गदर्शिका के एक भाग में महिला एमपीडब्ल्यू के कार्य कौशल के मूल्यांकन और समीक्षा के लिए सूचकांक गतिविधियों सूचीबद्ध किए गए हैं। सूचीबद्ध कार्य क्षेत्र परिपूर्ण नहीं है और वे शामिल हैं जिन पर एक महिला एमपीडब्ल्यू को ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता होती है। कोई नया कार्यक्रम शामिल किए जाने पर अन्य गतिविधियों को भी जोड़ा जा सकता है।

इस मार्गदर्शिका को एक संदर्भ पुस्तिका के रूप में प्रस्तुत किया गया है। राज्य अपनी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार इसमें संशोधन या सुधार कर सकते हैं।

.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
सी. के. मिश्रा, आईएएस
अतिरिक्त सचिव और मिशन संचालक, एनएचएम
टेली फेक्स : 23061066,23063809
ई मेल– asmd-mohfw@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110011
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
Nirman Bhavan, New Delhi - 110011

अग्रेषण

उप स्वास्थ्य केन्द्र समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रथम सम्पर्क केन्द्र हैं। हालांकि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की अपेक्षाकृत छोटी इकाई है लेकिन इनके माध्यम से निवारक, प्रोत्साहक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं सहित समुदाय को महत्वपूर्ण सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।

अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों और कई उप स्वास्थ्य केन्द्रों में दूसरी एएनएम की नियुक्ति के साथ राष्ट्रीय (ग्रामीण) स्वास्थ्य मिशन के तहत उप स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाओं में समुचित सुदृढ़ीकरण किया गया है। हालांकि एएनएम (अब बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता–महिला के रूप में संदर्भित) की संख्या में बढ़ोतरी के बाद भी हालांकि उपस्वाथ्य केन्द्र के सेवा परिणामों में उस अनुरूप सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, कई राज्यों में दोनों एएनएम के बीच कार्य विभाजन व्यवस्थित रूप से निर्धारित तब तक व्यक्तिगत कार्यकौशल के मूल्यांकन के लिए वस्तुपरक मानदंड विकसित करना चुनौती था। मार्गदर्शिका इन चुनौती से निपट ने हेतु मार्ग दर्शन करती है। यह केवल इतना ही नहीं बताती कि एमपीडब्ल्यू (महिला) को 'क्या' करना चाहिए बल्कि यह भी बताती है 'कैसे' करना चाहिए।

बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) के कार्य कौशल में सुधार के लिए मार्गदर्शिका उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ महिला एमपीडब्ल्यू के लिए व्यापक कार्य संपादन पत्र है। इस मार्गदर्शिका में महिला एमपीडब्ल्यू के लिए साप्ताहिक कार्य समयावली का प्रारूप, कार्य विभाजन और उप स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र में की जाने वाली गतिविधियों के लिए कार्य और कार्य संबंधित निर्देश भी शामिल है।

मार्गदर्शिका का निर्माण राज्य सरकारों और तकनीकी सहयोग एजेंसियों जैसे सहयोगियों से मिले इनपुट के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र का संयुक्त प्रयास है। इस प्रक्रिया में ईएजी एवं एनई राज्यों के एमपीडब्ल्यू (महिला), एलएचवी और नर्सिंग प्रबंधकों की क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला भी शामिल है।

इस मार्गदर्शिका के प्रमुख उद्देश्य साप्ताहिक कार्ययोजना विकसित करना और मैदानी दौरे, गृह भेंट और ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण मेले में उप स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां को स्पष्ट रूप से परिभाशित करना है। इसका उद्देश्य उप स्वास्थ्य केन्द्रों (प्रसव केन्द्र/गैर प्रसव केन्द्र) में पदस्थ दो एमपीडब्ल्यू (महिला) कार्यकौशल के कार्य वितरण को प्रभावी बनाना तथा एकल एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य को मानकी बनाना है। यह मार्गदर्शिका प्रथम पहल है जिसने एमपीडब्ल्यू (महिला) द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और नीति दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक रूप से की जाने वाली गतिविधियों को सार रूप में प्रस्तुत किया है। इसकी अन्य महत्वपूर्ण विशेषता एमपीडब्ल्यू (महिला) के कार्यकौशल के मूल्यांकन के लिए वस्तुपरक मानदंड निर्धारित करना है जिसका उपयोग उनकी प्रोत्साहन राशि तय करने के लिए किया जा सकता है।

यह मार्गदर्शिका एक प्रारूप है और राज्य अपनी प्राथमिकताओं और राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें संशोधन कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह पहल एमपीडब्ल्यू (महिला) के कार्य को कारगर बनाएगा और उनके कार्यकौशल प्रबंधन को सुदृढ़ीकरण करेगी।

(सी.के. मिश्रा)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मनोज झलानी, आईएएस
संयुक्त सचिव
टेली फेक्स : 23063687
ई मेल– manoj.jhalani@nic.in

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली - 110011
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
Nirman Bhavan, New Delhi - 110011

प्रस्तावना

समुदाय को जन स्वास्थ्य और प्राथमिक देखभाल सेवाएं प्रदान करने में उप स्वास्थ्य केन्द्र अति महत्वपूर्ण है। उप स्वास्थ्य केन्द्र के अंदर और पूरे राज्य में विविध स्वास्थ्य कर्मचारी पदस्थ हैं। कुछ उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक एएनएम (अब बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता–महिला के रूप में कही जाती है) पदस्थ है तो कहीं दो हैं और अब भी कुछ उप स्वास्थ्य केन्द्र में एमपीडब्ल्यू (महिला) के अलावा एक बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (पुरुष) हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ कार्यकर्ता केन्द्र स्तर (कई उप स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव सहित) तथा आउटरिच सत्र/ गृह भेंट दोनों स्तरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। अभी देश में 2.3 लाख से अधिक एमपीडब्ल्यू (महिला) तथा 50 हजार से अधिक बहु उद्देश्यीय कार्यकर्ता (पुरुष) कार्यरत हैं। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रदर्शन में व्यापक विभिन्नता है। कुछ कार्यकर्ता योजना बना कर अपने कार्य को व्यवस्थित रूप से कर रहे हैं। वे दक्ष हैं और केन्द्र और आउटरिच सत्रों व वी.एच.एन.डी. के माध्यम से समुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में प्रभावी हैं। ऐसे कार्यकर्ता अपने सेवा क्षेत्र में स्वास्थ्य परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार लाने में भागीदारी कर रहे हैं। समुदाय उनके कार्यों से प्रसन्न हैं। दूसरी ओर, ऐसे कार्यकर्ता हैं जो अपने कार्य को व्यवस्थित रूप से करने में अक्षम हैं और समुदाय को आवश्यक स्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में असफल हैं।

सरकार, स्वास्थ्य और जनता में यह चिंता का विषय रहा है कि एनआरएचएम के तहत पदस्थ किए गए अतिरिक्त मानव संसाधन का उस अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं। यह मार्गदर्शिका विभिन्न स्तरों पर कार्यरत एमपीडब्ल्यू (महिला) को उनके प्रदर्शन में सुधार के लिए कार्य को अच्छी तरह से व्यवस्थित करने में सहायता करने के लिए तैयार की गई है। इसे एमपीडब्ल्यू (महिला) के प्रदर्शन के मूल्यांकन और निगरानी के लिए पर्यवेक्षक अधिकारियों की सहायता के लिए भी तैयार किया गया है। मार्गदर्शिका विभिन्न स्तरों पर उप स्वास्थ्य केन्द्रों व आउटरिच सत्रों में एमपीडब्ल्यू द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को परिभाषित करती है और इन गतिविधियों को संचालित करने के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम प्रदान करती है। यदि आवश्यक है तो स्थानीय संदर्भ और स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शिका का तुरंत परीक्षण और संशोधन तथा स्थानीय भाषा में अनुवादित किया जाना चाहिए। इसके बाद कम से कम एक दिन की उन्मुखीकरण कार्यशाला के बाद इसे सभी एमपीडब्ल्यू (महिला), मैदानी कार्यकर्ता और उनके पर्यवेक्षक अधिकारी/मेडिकल ऑफिसर को प्रदान की जानी चाहिए। मार्गदर्शिका का उपयोग महिला एमपीडब्ल्यू के प्रदर्शन के मूल्यांकन और प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने में किया जाना चाहिए।

इस मार्गदर्शिका को तैयार करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं और मैं राज्यों से आग्रह करूंगा कि वे इस पुस्तक का उपयोग कर अधिकतम परिणाम प्राप्त करें। मार्गदर्शिका को उप स्वास्थ्य केन्द्र के कार्य प्रदर्शन में सुधार तथा उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं की इच्छा वाले के उपयोग रहे समुदाय के लिए प्रभावी प्रथम सम्पर्क केन्द्र के रूप विकसित होने में सहायता करनी चाहिए।

(मनोज झलानी

अनुक्रम

परिचय

1. **बहु उद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) की कार्य जिम्मेदारियां**
   - 1.1 उप स्वास्थ्य केन्द्र में की जाने वाली गतिविधियां
   - 1.2 ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियां (VHND)
   - 1.3 क्षेत्र भ्रमण/गृह भेंट के दौरान की जाने वाली गतिविधियां
   - 1.4 समुदाय – स्वास्थ्य शिक्षा विषय
   - 1.5 रिपोर्ट और रिकार्ड का रखरखाव
2. **बहु उद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) की साप्ताहिक कार्य योजना**
   - 2.1 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना (प्रसव केन्द्र)
   - 2.2 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र साप्ताहिक कार्य योजना (गैर प्रसव केन्द्र)
   - 2.3 एकल एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना
3. **उप स्वास्थ्य केन्द्र की दवाइयां एवं प्रदाय सामग्री**
   - 3.1 सामान्य दवाइयां और प्रदाय सामग्री
   - 3.2 आपात प्रसूति देखभाल के लिए
   - 3.3 अन्य दवाइयां और टीके
   - 3.4 परिवार नियोजन के लिए
   - 3.5 राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए
   - 3.6 उपकरण
4. **एमपीडब्ल्यू (महिला) गतिविधियों की जांच सूची हेतु और चेकलिस्ट**
   - 4.1 जांच सूची 1 : गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षण
   - 4.2 जांच सूची 2 : खतरे के लक्षण जो एक नवजात में देखे जाने चाहिए
   - 4.3 जांच सूची 3 : गृह भेंट हेतु
   - 4.4 जांच सूची 4 : परामर्श विशय हेतु
   - 4.5 जांच सूची 5 : प्रसव पूर्व जांच हेतु
   - 4.6 जांच सूची 6 : प्रसव उपरांत जांच हेतु
5. **एमपीडब्ल्यू (महिला) के कार्य कौशल की निगरानी**
   - 5.1 ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर एमपीडब्ल्यू (महिला) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की जांच सूची (VHND)
   - 5.2 एमपीडब्ल्यू (महिला) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की मासिक निगरानी
6. **संविदा एमपीडब्ल्यू (महिला) के लिए संदर्भ शर्तें**
   - 6.1 वेतन और वृद्धि
   - 6.2 सेवा शर्तें
   - 6.3 अवकाश
   - 6.4 स्थानांतरण
   - 6.5 बर्खास्तगी
   - 6.6 जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं और सुविधाएं
7. **कार्य कौशल मूल्यांकन के लिए मानदंड**
   - 7.1 अनुबंध से जुड़ा प्रदर्शन अंक/श्रेणी आधारित वार्षिक प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव)
   - 7.2 अच्छे प्रदर्शन के लिए द्वि–वार्षिक प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव)
8. **प्रदर्शन संकेतक कौशल सूचकांक**

परिशिष्ट 1 : प्रदर्शन मूल्यांकन संकेतक की गणना का सिद्धांत

परिशिष्ट 2 : ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएनडी) के लिए जांच सूची

परिशिष्ट 3 : एमपीडब्ल्यू (महिला) और स्टाफ नर्स की आवश्यकता आधारित क्षमता वृद्धि के लिए परिचालन योजना

मुख्य स्वास्थ्य संदेश

लघुरूप

एएनसी	एन्टे नेटल केयर– प्रसव पूर्व देखभाल
एएनएम	आक्सीलरी नर्स मिडवाइफ
एईएफआई	एडवर्स इफेक्ट फालोइंग इम्युनाइजेशन– टीकाकरण के बाद विपरित स्थिति
एडब्ल्यूडब्ल्यू	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
आशा	एक्रिडिटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट
एआरआई	एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन – तीव्र श्वसन संक्रमण
बीपीएम	ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर – विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक
सीएचसी	कम्युनिटी हेल्थ सेंटर – सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
डीपीटी	डिप्थिरिया पर्टुटिस टिटनेस
जीपीई	जनरल फिजिकल एक्जामिनेशन – सामान्य शारीरिक परीक्षण
एचआईवी	ह्यूमन इन्यूनोडिफिशिएंसी वायरस
एचएलईजी	हाई लेवल एक्सपर्ट ग्रुप – उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह
एचएमआईएस	हेल्थ मैनेजमेंट इन्फर्मेशन सिस्टम– स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली
आईडीएसपी	इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलेंस प्रोग्राम– एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम
आईएफए	आयरन फोलिक एसिड
आईपीएचएस	इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैण्डर्ड – भारतीय लोक स्वास्थ्य मानक
आईयूसीडी	इंट्रा यूटेराइन कन्ट्रासेप्टिव डिवाइस– अंतर्गभाशयी गर्भनिरोधक युति
एलएचवी	लेडी स्वास्थ्य विजिटर
एलएलआईएन	लांग लास्टिंग इन्सेक्टिसिडल नेट्स – लंबे समय तक रहने वाली कीटाणुरोधी जाली
एमसीटीएस	मदर चाइल्ड ट्रेकिंग सिस्टम – मां–शिशु निगरानी प्रणाली
एमओ	मेडिकल ऑफिसर – चिकित्सा अधिकारी ,
एमएमएआर	मेटरनल मोर्टलिटी रेट – मातृ मृत्यु दर
एमपीडब्ल्यू	मल्टी पर्पस वर्कर – बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता
एमटीपी	मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रग्नेंसी – चिकित्सकीय गर्भपात
एमयूएसी	मिड अपर आर्म सर्कम्फ्रेंस – मध्य ऊपरी बांह की परिमाप
एनसीडी	नान कम्नयुनिकेबल डिसीज – गैर संचारी रोग
एनएचएम	नेशनल हेल्थ मिशन – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
एनएसएसके	नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम
ओआरएस	ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी – मौखिक निर्जलीकरण चिकित्सा
ओपीडी	आउट पेशेंट डिपार्टमेंट – बाहय रोगी विभाग
पीएचसी	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
पीएनसी	प्रसव उपरांत देखभाल
पीआरआई	पंचायती राज संस्थान
आरसीएच	रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ – प्रजनन और बाल स्वास्थ्य
आरडी	रूटीन डायग्नोस्टिक – नियमित जांच
आरएनटीसीपी	रिवाइस्ड नेशनल टीबी कंट्रोल प्रोग्राम – पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम
आरटीआई	रिप्रोडक्टिव ट्रेक इंफेक्शन – प्रजनन मार्ग संक्रमण
एसबीए	स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट – कुशल जन्म सहायिका
एससी	सब सेन्टर – उप स्वास्थ्य केन्द्र
एसटीआई	सेक्सुअली ट्रांसमीटेड डिसीज – यौन संचरित रोग
टीबीए	ट्रेडिशनल बर्थ अटेंडेंट – पारंपरिक जन्म सहायिका
वीएचएनडी	विलेज हेल्थ न्यूट्रीशन डे – ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस

परिचय

उप स्वास्थ्य केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी आउटरिच सेवाएं प्रदान करने का केन्द्र है। अधिकांश आउटरिच गतिविधियां गांव स्तर पर दी जाती है। जहां आंगनवाड़ी केन्द्र इन सेवाओं को प्रदान करने का प्रमुखस्थान हैं। उप स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वास्थ सेवाओं हेतु पहला सम्पर्क स्थल बनाने के लिए सुनिश्चित सेवाओं को प्रमुख स्थान प्रदान करने की नियमितता आवश्यक होगी।

उप स्वास्थ्य केन्द्र जिन सेवाओं को प्रदान करेंगे उन्हें भारतीय लोक स्वास्थ्य मानकों के तहत तैयार किया गया है। समिलित जनसंख्या एवं महिलाओं व बच्चों की संख्या अधिक हो, वहां आरसीएच सेवाएं प्राथमिकता से दी जाएगी। लेकिन ऐसे क्षेत्रों में जहां आरसीएच संकेतक अच्छे हैं, वहां उप स्वास्थ्य केन्द्रों का प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करने वाले केन्द्रों के रूप में रूपांतरित करने की संभावना होगी इससे उप स्वास्थ्य केन्द्र पर अतिरिक्त एमपीडब्ल्यू (महिला) जो एएनएम के नाम से भी जानी जाती है, एक बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता (पुरूष), एक लेब तकनीशियन और एक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ती की जाएगी तथा आगे कार्यभार के आधार पर अतिरिक्त में स्टाफ की नियुक्ती की जा सकेगी।

इस मार्गदर्शिका को तैयार करते समय अंतर्राज्यीय एंव जिलावार उप स्वास्थ्य केन्द्रों के कार्य अंतर पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्य तौर पर कहा जाए तो उप स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों और आशा के कार्य भार निम्न लिखित छह मानदंडों पर निर्भर करता है। इनमें से प्रत्येक मानदंड एक दूसरे से स्वतंत्र है :

(क). वहां पदस्थ कर्मचारियों की संख्या (एक पुरूष कार्यकर्ता के साथ या बगैर एक या दो एमपीडब्ल्यू (महिला), कार्यकर्ता ।

(ख). भौगोलिक स्थिति या गांवों की अवस्थिति (3 वर्गकिमी से लेकर 30 वर्गकिमी के अंदर) ।

(ग). कितनी आबादी को सेवाएं देना हैं (हालांकि यह आदर्श रूप में जनजातीय और पहाड़ी क्षेत्रों में 3000 तथा सामान्य क्षेत्रों में 5000 हजार है लेकिन व्यवहार में यह संख्या 1000 से 10000 हजार तक हो सकती है)।

(घ). कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट–टीएफआर) या जन्म दर (क्रूड बर्थ रेट–सीबीआर) (कुल प्रजजन दर 3 से अधिक और सीबीआर 30/1000 से अधिक होने का अर्थ होगा कि 5000 की आबादी में 1 वर्ष की आयु से कम उम्र के 150 से अधिक बच्चे और 150 गर्भवती महिलाएं (10 प्रतिशत गर्भावस्था क्षति के साथ 165 गर्भवती महिलाएं) और 20 या उससे कम सीबीआर का अर्थ होगा 1000 से कम बच्चे और अनुमानत : गर्भवती महिलाओं की समान संख्या) ।

(ङ). एमपीडब्ल्यू (महिला) की प्रसूता सेवाओं की उपलब्धता/मांग की आवृत्ति (इसका विस्तार की रेंज अधिकांश गैर उच्च प्राथमिकता वाले राज्यों में 1 प्रतिशत उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर उच्च प्राथमिकता वाले राज्यों के उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में अधिकतम 30 प्रतिशत उप स्वास्थ्य केन्द्रों का हो सकता है)।

(च) उस उप स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र में मलेरिया या काला जार की उच्च महामारी की स्थिति। 10 से अधिक के एपीआई स्तर पर मलेरिया नियंत्रण गतिविधियों के कारण एमपीडब्ल्यू (महिला) का कार्य पिछड़ सकता है। तीन से नीचे के एपीआई में इस तुलना में बहुत कम कार्य होता है।

इन मानदंडों के अलग–अलग संयुक्त होने से कई अंतर वाले संदर्भ मिलेंगे। वर्तमान रोग नियंत्रण कार्यक्रम से सम्बन्धित गतिविधियों को इस दस्तावेज में संक्षिप्त रूप में शामिल किया गया है। यद्यपि, राज्य अपनी आवश्यकता के अनुसार रोग नियंत्रण गतिविधियों को प्राथमिकता दे सकते हैं और शामिल कर सकते हैं।

बहु उद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) की कार्य जिम्मेदारियां

01

परिचय में बताई गई समस्याओं को समझते हुए मार्गदर्शिका में एमपीडब्ल्यू (महिला) के कार्यो को छह गतिविधियों में वर्गीकृत किया गया है :

(क) उप स्वास्थ्य केन्द्र में बाह्य रोगी सेवाएं।

(ख) आउटरीच में दी जाने वाली सेवाएं : टीकाकरण सत्र/ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस।

(ग) गृह भेंट और समुदाय से भेंट के दौरान प्रदान की जाने वाली सेवाएं।

(घ) उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती रोगियों के लिए मिडवाइफरी सेवाएं।

(ङ) रिकार्ड और रिपोर्ट का रखरखाव, कार्य योजना निर्माण, क्षमता निर्माण आदि।

(च) उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, बीमार नवजात और अन्य आपात स्थिति में रेफर करना

मार्गदर्शिका यह भी बताती है कि किस तरह इन छह श्रेणियों में कार्य आवंटन छह संदर्भ मानदंडों के हिसाब से अलग होगा। जिससे जिले और राज्य अपने संदर्भों के अनुकूल इस मागदर्शिका को स्वीकार और जारी कर सकेगें। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि एमपीडब्ल्यू (महिला), पुरूष कार्यकर्ता, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समन्वित और बेहतर रूप से कार्य कर सकें।

अनुमानित है कि प्रत्येक सप्ताह एमपीडब्ल्यू (महिला या पुरूष) करीब 30 घंटे पहली चार गतिविधियों में तथा 10 से 14 घंटे पांचवीं गतिविधि जैसे रिकार्ड, योजना, बैठक, क्षेत्र भ्रमण आदि में व्यतीत करे। इसी प्रकार आशा के लिए प्रति सप्ताह 15 घंटे का समय देना चाहिए जिसमें उसे गृह भेंट/समुदाय सम्पर्क करना चाहिए। यह उन दिनों के अतिरिक्त है जब वह रोगियों के साथ गांव से बाहर गई हो या प्रशिक्षण के लिए गई हो।

नोट : मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) द्वारा की जाने वाली आउटरिच गतिविधियां उप स्वास्थ्य केन्द्र के एमपीडब्लयू (महिला) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के अतिरिक्त है। एमएमयू को सेवा उपलब्धता की कमियों को दूर करने के लिए नियुक्त किया गया है और इसे उप स्वास्थ्य केन्द्र का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

1.1 उप स्वास्थ्य केन्द्र में की जाने वाली गतिविधियां

(क) सामान्य ओपीडी

1. सामान्य बीमारियों का उपचार – बुखार, कफ, डायरिया, कृमि, चोट, आरटीआई/एसटीआई और अन्य।
2. तेज बुखार जिसके लिए ब्लड स्मीअर/आरडी टेस्ट करवाना आवश्यक हो। मलेरिया रोधी उपचार एंव आवश्यक्तानुसार रेफर करना

लंबी बीमारी के रोगी को मासिक निशुल्क दवा वितरण (टीबी, कुष्ठ सहित और यदि पैकेज में शामिल– गैर संचारी रोग जैसे हाईपर टेंशन, मधुमेह, मिर्गी, अस्थमा आदि। इन सभी मामलों में, उपचार उच्च स्तरीय केन्द्र पर शुरू होता है एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पर फालोअप कार्य किया जा रहा है।) किसी महामारी/आउटब्रेक की स्थिति में समीप के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल आफिसर को तत्काल सूचना देना।

(ख) प्रजनन और बाल स्वास्थ्य

1. आउटरिच टीकाकरण या ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में अनुपस्थिति हितग्राहियों से सम्पर्क करना तथा उन

सेवाओं (प्रसव पूर्व पंजीयन और जांच, टीकाकरण, आईएफए गोलियां, गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता आदि) से वंचितों को सेवाएं देना। गंभीर ए.ई.एफ.आई. की सूचना देना।

2. प्रसव करवाने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र में मिडवाइफरी सेवाएं देना।

3. परिवार नियोजन की विशेष आवश्यकताओं वाले हितग्राही – उदाहरण के लिए, आपातकालीन गर्भनिरोधक, आईयूडी प्रविष्टि, ओरल गर्भनिरोधक, कंडोम आदि।

4. आशाड्रग किट में दवाइयों को पूर्ण करने के लिए आशा की सहायता करना।

(ग) जांच सेवाएं

1. गर्भावस्था जांच

2. हीमोग्लोबिन

3. मूत्र परीक्षण

4. ब्लड शुगर

5. रेपिड डायग्नोस्टिक किट से मलेरिया की जांच

6. ऐसेटिक एसिड (जहां उपलब्ध हो) से गर्भाशय ग्रीवा की जांच

(घ) आशा द्वारा रेफर रोगियों की जांच (ऊपर बताए किसी भी कारण से रेफर किए गए)

(ङ) रिकार्ड और रजिस्टरों का रखरखाव और रिपोर्ट तैयार करना। एमपीडब्ल्यू (महिला) के पास समीप के सभी रेफरल केन्द्र के विविरण (पता, सम्पर्क नंबर, उपलब्ध सेवा) हमेशा उपलब्ध होना चाहिए।

(च) विशेष "डे क्लिनिक" बाह्य रोगी सेवाओं के लिए मरीजों की उपलब्धता को बढ़ा सकता है। इनमें से प्रत्येक को सप्ताह में एक बार किया जा सकता है :

1. किशोरावस्था स्वास्थ्य क्लिनिक/सत्र

2. परिवार परामर्श क्लिनिक

3. गंभीर बीमारी क्लिनिक

4. वृद्धजन देखभाल सत्र

1.2 ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियां (VHND)

(क) नियमित टीकाकरण

(ख) प्रसव पूर्व देखभाल (सभी घटक)

(ग) प्रसव उपरांत देखभाल (सभी घटक)

(घ) सभी को आईएफए गोलियां देना

(ङ) कंडोम या गर्भनिरोधक गोलियों का वितरण

(च) परिवार नियोजन परामर्श

(छ) सामान्य बीमारी का इलाज करवाने आने वाले रोगियों का उपचार

(ज) गंभीर बीमारी से ग्रस्त रोगियों की फालोअप जांच (दूरस्थ और पहुंचविहीन क्षेत्रों में)

(झ) बुखार के किसी भी रोगी की ब्लड स्लाइड बनाना/आरडी टेस्ट करना और आवश्यक होने पर उपचार प्रदान करना।

(ञ) पोषण, स्तनपान पर गर्भवती महिला और बच्चों को परामर्श और वृद्धि निगरानी

1.3 क्षेत्र भ्रमण/गृह भेंट के दौरान की जाने वाली गतिविधियां

(क) ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर प्रसव पूर्व जांच नहीं करवाने वाली गर्भवती महिलाओं से भेंट को प्राथमिकता, विशेषकर यदि उनकी गर्भावस्था का नवाँ माह हो। उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करना।

(ख) गर्भवती महिलाओं को मिडवाइफरी सेवाएं प्रदान करना साथ ही गृह आधारित सेवा के लिए प्रसव उपरांत महिला के साथ घर जाना और देखभाल प्रदान करना–या विशेषकर उन महिलाओं के घरों में जाना जहाँ आशा द्वारा गृह भेंट के बाद उन्हें रेफर किया गया हो या उस ग्राम मे आशा नहीं है अथवा हितग्राही ग्राम स्वास्थ्य अथवा पोषण दिवस में नहीं आ सके हो।

(ग) टीकाकरण से वंचित शिशुओं की पहचान कर उन्हें अगले टीकाकरण सत्र में टीके लगवाना सुनिश्चित करना।

(घ) आशा द्वारा बताए गए ऐसे बीमार नवजात/कम वजन के बच्चों को देखना जिन्हें रेफर करने की आवश्यकता है लेकिन जो घर से वहां जा नहीं सके और ऐसे कुपोशित बच्चों को देखना जो उपचार के लिए नहीं ले जाए गए। ऐसी स्थिति में सुनिश्चित करना कि उन्हें उच्च स्तर पर देखभाल मिले।

(ङ) आशा द्वारा जिन परिवारों को प्रोत्साहित नहीं किया जा सका उन परिवारों और ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में शामिल नहीं होने वाले परिवारों को स्वास्थ्य व्यवहार बदलने, परिवार नियोजन पद्धति को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करना।

(च) उप स्वास्थ्य केन्द्र या ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में फालोअप के लिए नहीं आए गंभीर रोगों के बीमारों की देखभाल और उन्हें विशेष डे क्लिनिक में आने को प्रेरित करना।

(छ) ऐसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देना जहां बुखार उपचार डिपो/आशा पदस्थ नहीं की गई है – गृह भेंट के दौरान मलेरिया के संदेह के मामलों में ब्लड स्मीअर एकत्रित करना/आर.डी.टी. करना और रिकार्ड का रखरखाव। पॉजीटिव मामलों में उपचार प्रदान करना।

(ज) घर में होने वाले सभी प्रसव में घर आधारित नवजात देखभाल सुनिश्चित करने में आशा का सहयोग। जहां आशा घर आधारित देखभाल का प्रबंधन करने में सक्षम नहीं है, वहां एम.पी.डब्ल्यू (महिला) द्वारा उचित उपचार प्रदान किया जाना चाहिए या उच्च केन्द्र में रेफर करना चाहिए।

(झ) एल.एल.आई.एन बेड नेट का वितरण और उपयोग, घरों में गुणवत्तापूर्ण स्प्रे करवाना सुनिश्चित करना और समुदाय में उपयोग की जा रही मच्छरदानी का कीटाणु रोधी उपचार।

(ञ) मातृ मृत्यु या शिशु मृत्यु के मामलों में वर्बल आटोप्सी/या कम से कम प्राथमिक पूछताछ।

(ट) गृह भेंट के दौरान परिवारों या हितग्राहियों को समूह में एकत्रित कर स्थानीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है या आवश्यक परामर्श दिया जा सकता है।

(ठ) नेत्रहीनता, श्रवणहीनता, मानसिक बीमारी, कुष्ठ और विकलांगता के सभी मामलों को चिह्नित करना और निकटतम उच्चतर केन्द्र में रेफर करना। साथ ही जन्मजात दोष वाले नवजात, बीमार नवजात और कमी की स्थिति व विकासात्मक देरी वाले बच्चों को भी चिह्नित कर रेफर करना।

1.4 समुदाय – स्वास्थ्य शिक्षा विषय

(क) गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षण

(ख) संस्थागत प्रसव का महत्व और उसके लिए प्रेरित करना

(ग) प्रसव उपरांत देखभाल का महत्व

(घ) पोषण आहार

(ङ) छह माह की उम्र तक केवल स्तनपान

(च) स्तनपान के साथ पूरक आहार की शुरुआत

(छ) डायरिया के दौरान देखभाल, जिंक के साथ ओआरएस का उपयोग, निर्जलीकरण के लक्षण

(ज) गंभीर श्वसन संक्रमण के दौरान देखभाल (निमोनिया ओर श्वसन तनाव के लक्षण)

(झ) मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, और अन्य संक्रामक बीमारियों और स्थानीय महामारी/आउटब्रेक के रोगों (जैसे, कालाजार, इन्सेफेलाइटिस) की रोकथाम

(ञ) एसटीआई, एचआईवी/एड्स की रोकथाम

(ट) सुरक्षित पेयजल का महत्व

परिवार नियोजन/व्यक्तिगत स्वच्छता/बच्चों की शिक्षा/लिंग चयन के खतरे/विवाह की आयु/ आरटीआई, एचआईवी और एड्स की जानकारी/महामारी/आपदा प्रबंधन/किशोर स्वास्थ्य।

1.5 रिपोर्ट और रिकार्ड का रखरखाव

(क) उपरोक्त सभी कार्यों के अतिरिक्त प्रतिदिन (शनिवार के अलावा) 1 घंटा रजिस्टर में प्रविष्टि और उप स्वास्थ्य केन्द्र का रखरखाव शनिवार केवल रजिस्टर में दर्ज करने, डाटा प्रविष्टि, रिपोर्ट तैयार करना और समीक्षा बैठक के लिए होगा।

(ख) रिकार्ड रखने का मुख्य उद्देश्य सेवा उपयोगकर्ताओं को दी जा रही सेवा की गुणवत्ता में सुधार और आबादी में सेवा की आवश्यकता निर्धारित करना और स्वास्थ्य सुविधाओं का परिणाम सुधारने की योजना बनाना चाहिए। रिकार्ड का उपयोग निगरानी के लिए इसी मूल अविचारण से किया जाना चाहिए एचएमआईएस/एमसीटीएस डाटा को भी नियमित रूप से अद्यतन चाहिए। इसके अतिरिक्त, एमपीडब्ल्यू (महिला) को समय पर दस्तावेजीकरण और उप स्वास्थ्य केन्द्र के क्षेत्र में होने वाले सभी जन्म और मृत्यु का पंजीयन सुनिश्चित करना चाहिए।

(ग) उप स्वास्थ्य केन्द्र के कार्यकर्ताओं के पास सबसे पहले अपने क्षेत्र के सभी परिवारों के सदस्यों की सूची होनी चाहिए। तत्पश्चात उस सूची को उनके बीच विभाजित किया जाना चाहिए।

(घ) आदर्श रूप में प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र में सेवा प्रदान किए जाने वाले परिवार का एक फोल्डर होना चाहिए। और यह डिजीटल रूप में होना चाहिए, लेकिन रजिस्टर में दो पेज प्रत्येक परिवार के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं जो पर्याप्त हैं। उन्हें आशा के सहयोग से इस रजिस्टर का रखरखाव करना चाहिए और विस्तृत रिकार्ड रखा जाना चाहिए जैसे, टीकाकरण की आवश्यकता वाले बच्चों की नामवार सूची, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची आदि।

इस फोल्डर में होना चाहिए :

- सभी मां और बच्चों के लिए एमसीपी कार्ड
- सभी स्वास्थ्य घटनों को सूचीबद्ध करने के लिए साधारण कार्ड/रजिस्टर
- टीबी/एचआईवी/कुष्ठ/कालाजार उपचार प्रोटोकाल पर प्रत्येक के लिए अलग कार्ड

किशोरावस्था स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, लंबी बीमारी आदि पर विशेष क्लिनिक में शामिल होने वाले या किसी लंबी बीमारी के लिए घर में फालोअप किए गए प्रत्येक के लिए पृथक कार्ड।

(ङ) जितना संभव हो सके ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में हिस्सा लेना और सुनिश्चित करना कि बैठक की कार्रवाई को दर्ज किया गया है और रखरखाव किया जा रहा है। एमपीडब्ल्यू (महिला) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अनटाइड फंड का उपयोग नियमों और दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है।

(च) एमसीटीएस, एचएमआईएस आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समय पर रिपोर्ट को प्रस्तुत करना।

बहु उद्देश्यीय कार्यकर्ता (महिला) की साप्ताहिक कार्य योजना

02

मुख्य सिद्धांत

- अनुमानित है कि 5 हजार की आबादी में मरीजों की साप्ताहिक संख्या करीब 30–50 होगी। गैर उच्च प्राथमिकता वाले राज्यों में अनुमानित 100 नवजात और उच्च प्राथमिकता राज्यों में 150–200 नवजात और इतनी ही संख्या में गर्भवती महिलाएं होंगी। इसका अर्थ है गैर उच्च प्राथमिकता राज्यों में प्रति माह 60 बच्चों का टीकाकरण होगा और प्रति टीकाकरण सत्र में 15 बच्चे होंगे। उच्च प्राथमिकता राज्यों में यह संख्या टीकाकरण के लिए करीब 100 बच्चे प्रति माह और 25 बच्चे प्रति टीकाकरण सत्र होगी।
- जहां मकान अलग–अलग या दूरी पर हो या जनसंख्या 5 हजार से अधिक हो, वहां प्रति सप्ताह दो टीकाकरण सत्रों की आवश्यकता होगी और वहां दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वांछित हैं। अन्य स्थानों पर प्रति सप्ताह टीकाकरण का एक सत्र पर्याप्त है और एक एमपीडब्ल्यू (महिला) द्वारा इस सत्र का प्रबंधन संभव है।
- यदि उप स्वास्थ्य केन्द्र में दो एमपीडब्ल्यू (महिला) हैं तो वहां पूरे 4 दिन समुदाय भेंट की जा सकती है यानी गृह भेंट के लिए 30 घंटे तय किए जा सकते हैं। इसके साथ उप स्वास्थ्य केन्द्र को सप्ताह के सभी पांच दिन खुला रखा जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त आशा प्रति सप्ताह 12 से 15 घंटे गृह भेंट करती है। चूंकि हम उम्मीद करते हैं कि 5 हजार की आबादी पर 5 आशा होंगी, हमें गृह भेंट के 60–75 घंटे अतिरिक्त जोड़ना चाहिए।
- एक उप स्वास्थ्य केन्द्र में दिए गए 1000 से 1200 सौ परिवार और प्रत्येक परिवार से भेंट के लिए 30 मिनट का समय लगता है। सभी घरों में भेंट के लिए 500 से 600 घंटों की आवष्यकता होगी। इसलिए, वर्तमान मानव संसाधन की पूर्ण उपलब्धता के बाद भी हम केवल प्रति सप्ताह 100 घंटे ही गृह भेंट कर पाएंगे। जिसका अर्थ है कि 6 सप्ताह में केवल एक परिवार से भेंट हो पाएगी। यही कारण है कि गृह भेंट को सुदृढ़ करने और इसमें पूरी टीम को प्रयास करने की आवश्यकता है।
- यह उम्मीद की जाती है कि औसतन एमपीडब्ल्यू (महिला) एक पूरे दिन की क्षेत्र–भ्रमण मे 10–12 परिवारों से भेंट करेगी। गृह भेंट सत्र या तो हर एक घर जा कर या 4–5 परिवारों का एक समूह बना कर एक साथ एक आम स्थान पर किया जा सकता है। एमपीडब्ल्यू (महिला) समुदाय स्वास्थ्य शिक्षा के लिए स्व सहायता समूह, महिला मंडल और युवाओं के समूह की सहायता ले सकती है।

जितना शीघ्र संभव हो सके सभी परिवारों को बराबर रूप से दोनों एमपीडब्ल्यू (महिला) में बांटा जाए। कोई परिवार एमपीडब्ल्यू (महिला) और आशा के दायरे से छूटना नहीं चाहिए।

एमपीडब्ल्यू (महिला) की साप्ताहिक कार्य योजना तीन आयामों में नीचे बताई गई हैं :

2.1 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना (प्रसव केन्द्र)''

2.2 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना (गैर प्रसव केन्द्र)''

2.3 एकल एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना ''

2.1 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना (प्रसव केन्द्र)***

दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले प्रसव केन्द्र में समूह की अनुशंसा है कि एक एमपीडब्ल्यू (महिला) को उप स्वास्थ्य केन्द्र में रहना चाहिए वहीं दूसरी एमपीडब्ल्यू (महिला) को क्षेत्र भ्रमण – गृह भेंट, आउटरिच/समुदाय कार्य– करना चाहिए। उप स्वास्थ्य केन्द्र में रहने वाली एमपीडब्ल्यू (महिला) को सप्ताह के हर दिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मिडवाइफरी सेवाएं प्राप्त करने आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला की सहायता की जा सके।

एक एमपीडब्ल्यू (महिला) क्षेत्र भ्रमण में एक दिन में 10–12 परिवारों/समूह से भेंट करती है

दिन	पहली एमपीडब्ल्यू (महिला) सेवा के स्थल	दूसरी एमपीडब्ल्यू (महिला) सेवा के स्थल
दिन 1	उप स्वास्थ्य केन्द्र विशेष क्लिनिक : किशोरावस्था स्वास्थ्य क्लिनिक (नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त)	मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है
दिन 2	मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है	उप स्वास्थ्य केन्द्र विशेष क्लिनिक : किशोरावस्था स्वास्थ्य क्लिनिक (नियमित गतिविधियों से अलग)
दिन 3	उप स्वास्थ्य केन्द	ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस
दिन 4	ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस	उप स्वास्थ्य केन्द
दिन 5	**दोपहर के पहले तक** : उप स्वास्थ्य केन्द्र	
	दोपहर बाद : उप स्वास्थ्य केन्द्र में आदि के साथ साप्ताहिक समीक्षा आशा, मार्गदर्शक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बैठक	
दिन 6	उप स्वास्थ्य केन्द्र विशेष क्लिनिक : जीर्ण रोग क्लिनिक (नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त)	मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है

* 2 एमपीडब्ल्यू (महिला) में साप्ताहिक रोटेशन की वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है जहां प्रत्येक एमपीडब्ल्यू (महिला) अदल–बदल कर एक–एक सप्ताह उप स्वास्थ्य केन्द्र और समुदाय भेंट में व्यतीत करें।

** एमपीडब्ल्यू (महिला) जब उप स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य करेंगी तब प्रति दिन एक घंटा रजिस्टर/रिकार्ड के रखरखाव का कार्य करेगी।

*** यह प्रस्तावित कार्य योजना है। राज्य निश्चित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा सेक्टर/ब्लॉक मीटिंग के अनुसार इस कार्य योजना में फेरबदल कर सकते हैं।

2.2 दो एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना (गैर प्रसव केन्द्र)***

ये एमपीडब्ल्यू (महिला) स्पष्ट लक्ष्य के साथ दैनिक आधार पर गृह भेंट करेगी जिसके लिए अधिकांश उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एक साप्ताहिक कैलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन इस केलेंडर में यह सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तन किया जा सकता है कि दोनों एमपीडब्ल्यू (महिला) में कार्य का वितरण और आवंटन भौगोलिक (जनसंख्या कवरेज) या कार्य वितरण (उप स्वास्थ्य केन्द्र विरूद्ध आउटरिच/आरसीएच/गृह भेंट) या दोनों के मिश्रण के संदर्भ में सटीक रूप से किया गया है।

एक एमपीडब्ल्यू (महिला) आधा दिन उप स्वास्थ्य केन्द्र में व्यतीत करती है और दोपहर बाद 6–8 गृह/समूह भेंट करती है जबकि दूसरी एमपीडब्ल्यू पूरा दिन परिवारों/समूह से भेंट में व्यतीत करती है। (10–12)

<table>
<tr><th>दिन</th><th>पहली एमपीडब्ल्यू (महिला)
सेवा के स्थल</th><th>दूसरी एमपीडब्ल्यू (महिला)
सेवा के स्थल</th></tr>
<tr><td rowspan="2">दिन 1</td><td>दोपहर के पहले : उप स्वास्थ्य केन्द्र
विशेष क्लिनिक : किशोरावस्था स्वास्थ्य क्लिनिक(नियमित गतिविधियों से अलग)</td><td rowspan="2">मैदानी भ्रण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है</td></tr>
<tr><td>दोपहर बाद : मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">दिन 2</td><td rowspan="2">मैदानी भ्रण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है</td><td>दोपहर के पहले : उप स्वास्थ्य केन्द्र
विशेष क्लिनिक : परिवार नियोाजन परामर्श क्लिनिक(नियमित गतिविधियों से अलग)</td></tr>
<tr><td>दोपहर बाद : मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">दिन 3</td><td>दोपहर के पहले : उप स्वास्थ्य केन्द्र</td><td rowspan="2">ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस</td></tr>
<tr><td>दोपहर बाद : मैदानी भम्रण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">दिन 4</td><td rowspan="2">ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस</td><td>दोपहर के पहले : उप स्वास्थ्य केन्द्र</td></tr>
<tr><td>दोपहर बाद : मैदानी भ्रण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
<tr><td rowspan="3">दिन 5</td><td colspan="2">दोपहर के पहले तक : मैदानी भम्रण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
<tr><td colspan="2">दोपहर बाद : उप स्वास्थ्य केन्द्र में</td></tr>
<tr><td colspan="2">आदि के साथ साप्ताहिक समीक्षा आशा, मार्गदर्शक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बैठक</td></tr>
<tr><td rowspan="2">दिन 6</td><td>दोपहर के पहले : उप स्वास्थ्य केन्द
विशेष क्लिनिक : जीर्ण रोग क्लिनिक (नियमित गतिविधियों से अलग)</td><td rowspan="2">मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच) जहां और जब लागू हो, इसमें स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम भी शामिल है</td></tr>
<tr><td>दोपहर बाद : मैदानी भ्रमण (गृह भेंट/आउटरिच)</td></tr>
</table>

* 2 एमपीडब्ल्यू (महिला) में साप्ताहिक रोटेशन की वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है जहां प्रत्येक एमपीडब्ल्यू (महिला) अदल–बदल कर एक–एक सप्ताह उप स्वास्थ्य केन्द्र और समुदाय भेंट में व्यतीत करें।

** एमपीडब्ल्यू (महिला) जब उप स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य करेंगी तब प्रति दिन एक घंटा रजिस्टर/रिकार्ड के रखरखाव का कार्य करेगी।

*** यह प्रस्तावित कार्य योजना है। राज्य निश्चित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा सेक्टर/ब्लॉक मीटिंग के अनुसार इस कार्य योजना में फेरबदल कर सकते हैं।

2.3 एकल एमपीडब्ल्यू (महिला) वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए साप्ताहिक कार्य योजना **

यदि केन्द्र में केवल एक एमपीडब्ल्यू (महिला) है और प्रति सप्ताह एक टीकाकरण आउटरिच सत्र/ स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस है तो केवल उप स्वास्थ्य केन्द्र कार्य के लिए 2 दिन होंगे और 2 दिन समुदाय सम्पर्क के लिए उपलब्ध होगा।

हालांकि, जहां उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़े गांव में स्थित है या आबादी दूर–दूर स्थित है तो एमपीडब्ल्यू (महिला) केन्द्र सुबह 2–3 घंटे के लिए खोल सकती है और दोपहर बाद गृह भेंट कर सकती है। ऐसा करने पर गृह भेंट के लिए 4 दिन या 12–15 घंटे मिलेंगे।

दिन	सेवा प्रदाय का क्षेत्र	सेवा प्रदाता	की जाने वाली विस्तृत गतिविधियां / टिप्पणी
दिन 1	उप स्वास्थ्य केन्द्र	टीकाकरण सेवाएं (दोपहर पहले) और क्लिनिक ओपीडी सेवाएं (दोपहर बाद)	संग्रह केन्द्र से टीके प्राप्त करें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता से टीकाकरण से वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार करना, टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, छोटे रोगों का उपचार
दिन 2	क्षेत्र	समुदाय सम्पर्क	प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत जांच के छूटे मामलों, लेप्रोस्कोपिक ऑपेरशन के प्रकरणों का छुट्टी के बाद का फालोअप, आईडीएसपी प्रकरणों की जांच और सूचना देना, स्वास्थ्य जागरूकता
दिन 3	क्षेत्र/ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	ग्राम स्वास्थ्य एवं पोशण दिवस तथा रिकार्ड का रखरखाव	प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत जांच, आईएफए गोलियों का वितरण, टीकाकरण, पोषण और देखभाल पर परामर्श (जैसे– शीघ्र स्तनपान और स्तनपान बंद करवाना), एम.सी.पी. कार्ड का वितरण और अद्यतन करना, रिकार्ड रखरखाव
दिन 4	उप स्वास्थ्य केन्द्र	क्लिनिक ओपीडी (सुबह) और परिवार नियोजन सेवाएं (दोपहर बाद)	आईयूसीडी प्रविष्टि, नसबंदी और एम.टी.पी. प्रक्रिया के लिए महिला के साथ उच्च केन्द्र तक जाना, परिवार नियोजन सेवाएं अपनाने के लिए दम्पत्ति को परामर्श और गर्भ निरोधकों का वितरण, योग्य दम्पत्ति रजिस्टर को अद्यतन करना
दिन 5	विकासखंड मुख्यालय/ क्षेत्र	विकासखंड मुख्यालय पर पाक्षिक बैठक (पहला और चौथा सप्ताह)/ समुदाय सम्पर्क/स्वास्थ्य एवं पोशण दिवस (दूसरा और तीसरा सप्ताह)	मासिक कार्य सूची जमा करना (पहले सप्ताह की बैठक) और रिपोर्ट जमा करना (चौथे सप्ताह की बैठक); आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता से कुपोशित और जन्म के समय कम वजनी नवजात और बच्चों (0 से 5 वर्ष आयु) की पहचान व रेफर करना। यदि स्वास्थ्य एवं पोषण स्वास्थ्य दिवस में आवश्यकता की पूर्ति नहीं हुई हो तो समुदाय से सम्पर्क के दिनों का उपयोग स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में किया जा सकता है।
दिन 6	उप स्वास्थ्य केन्द्र	क्लिनिक ओपीडी सेवाएं (पाक्षिक) और आशा व स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ साप्ताहिक/ पाक्षिक बैठक (दोपहर बाद) और रिकार्ड का रखरखाव	छोटे रोगों का उपचार, छूटे हुए प्रसव पूर्व जांच के प्रकरणों की जांच, उच्च जोखिम की गर्भावस्था के प्रकरणों की पहचान व रेफर करना, आशा को मार्गदर्शन व निगरानी।

* **प्रसव केन्द्र में** : जब एक गभर्वती महिला प्रसव पीड़ा में हो तो एमपीडब्ल्यू (महिला) के लिए उसके साथ रहना अनिवार्य है, कम से कम तीसरे चरण के पूर्ण होने के 4 घंटे बाद तक।

एकल एमपीडब्ल्यू (महिला) को केस और प्रसव लोड के आधार पर अपने कार्यों को प्राथमिकता देना चाहिए कि उसे प्रसव के लिए या अधिक प्रकरणों के कारण उसका उप स्वास्थ्य केन्द्र में रहना आवश्यक है या नहीं।

** यह प्रस्तावित कार्य योजना है। राज्य निश्चित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा सेक्टर/ब्लॉक मीटिंग के अनुसार इस कार्य योजना में फेरबदल कर सकते हैं।

उप स्वास्थ्य केन्द्र की दवाइयां एवं प्रदाय सामग्री

03

प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्रों को दवाइयां और उपयोग की वस्तुएं प्रदान की जा रही हैं। यदि दवाइयों और उपयोग की वस्तुओं की मांग इससे अधिक होती है या इनकी पूर्ति मांग के अनुसार नहीं है तो एमपीडब्ल्यू (महिला) को समय पर तय केन्द्र पर अग्रिम मांग पत्र देना चाहिए। यह सुनिश्चित करना एमपीडब्ल्यू (महिला) की जिम्मेदारी है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में दवाइयों और सामग्री की आपूर्ति लगातार बनी रहे।

3.1 सामान्य दवाइयां और प्रदाय सामग्री

- ओरल डिहाइड्रेशन साल्ट
- आयरन व फोलिक एसिड गोलियां (आईएफए)
- ट्रीमेथेप्रिम और सल्फामेथेक्सेजोल गोलियां
- जीवी क्रिस्टल (मिथाइलरोसेनिलियम क्लोराइड)
- जिंक सल्फेट घुलनशील गोली
- आयरन और फोलिक एसिड सिरप
- विटामिन ए सिरप
- पेरासिटामाल गोलियां
- एल्बेन्डेजॉल गोलियां
- डायसाइक्लोमीन गोलियां
- इंजेक्शन साल्बुटेमोल
- क्लोरेमफेनिकोल आई आइनमेंट
- पोविडोन आयोडिन आइनमेंट
- पट्टी/बैण्डेज
- सोखने वाली रूई
- गर्भावस्था जांच किट
- मलेरिया टेस्ट किट

3.2 आपात प्रसूति देखभाल के लिए

(जहां उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रसव केन्द्र हो)

- इंजेक्शन जेटामाइसिन
- इंजेक्शन मेग्निशियम सल्फेट
- केप्सूल एम्पिसिलिन
- मेट्रोनिडेजोल गोली
- मिसोप्रोस्टोल गोली (200 मिग्रा)

3.3 अन्य दवाइयां और टीके

- बीसीजी, डीपीटी, ओपीवी, खसरा, टीटी, हेपेटाइटिस बी, जेई और टीकाकरण कार्यक्रम और कैम्पने (यदि आवश्यक है) के अनुरूप अन्य टीके। (पीएचसी स्तर, कोल्ड चेन)
- केप्सूल एमोक्सिसिलिन
- इंजेक्शन विटामिन के
- सिरप काट्रीमोक्सेजोल
- गोली काट्रीमोक्सेजोल 80+400 मिग्रा (वयस्क के लिए)
- सिरप पेरासिटामाल
- चिपकाने के लिए टेप (ल्यूकोप्लास्ट और माइक्रोपोर)
- सेवलान घोल (एंटीसेप्टिक घोल)
- बेटाडिन घोल (पोविडोन आयोडिन घोल 5:)
- लोंग तेल
- गम पेंट

3.4 परिवार नियोजन के लिए

- कंडोम (निरोध)
- खाने की गोलियां (मौखिक)
- कॉपर – टी (380 – ए)
- आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां

3.5 राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए

- पी. वायवेक्स के उपचार के लिए गोली और सिरप क्लोरोक्वीन तथा पी.एफ. प्रकरणों के उपचार के लिए ए.सी.टी. ब्लिस्टर पैक
- गोली प्राइमाक्वीन (2.5 और 7.5 मिग्रा)
- गोली डीईसी (डाय इथाइल कार्बेमेजिन – केवल फाइलेरिया महामारी वाले क्षेत्र में)
- उपचार करवा रहे रोगियों के लिए कुष्ठ रोधी दवाइयां (एमडीटी ब्लिस्टर पैक)
- राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया के लिए रेपिड जांच किट
- आरएनटीसीपी के अंतर्गत वितरित होने वाली टीबी रोधी दवाइयां (केवल डाटस केन्द्रों में)

3.6 उपकरण

- थर्मामीटर
- वजन मशीन
- बीपी मापने का उपकरण
- स्टाप वॉच
- कोल्ड बॉक्स
- वैक्सीन कैरियर
- MUAC टेप
- हीमोग्लोबिनोमीटर
- हब कटर
- रंग कोड वाले कुड़ेदान
- मूत्र जांच किट

एमपीडब्ल्यू (महिला) गतिविधि जांच सूची हेतु और चेकलिस्ट

04

एमपीडब्ल्यू (महिला) अपनी गतिविधियों के निर्धारण के लिए निम्न जांच सूची का उपयोग कर सकती है :

4.1 जांच सूची 1 : गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षण

प्रसव पूर्व अवधि

- एनीमिया : कंपकंपी, आसानी से थकान, आराम के समय भी सांस फूलना
- अत्यधिक मतली और उल्टी
- तेज बुखार
- सिर दर्द/धुंधला दिखाई देना/चक्कर आना
- ऐंठन/फिट्स (झटके)
- पूरे शरीर में सूजन
- मूत्र के दौरान जलन/दर्द
- बार–बार पेशाब आना
- दुर्गंधयुक्त स्राव (बुखार के साथ या बिना बुखार के)
- उच्च रक्तचाप
- बिना प्रसव पीड़ा के 24 घंटों से अधिक समय तक योनि से स्राव
- योनी से रक्त स्राव या असामान्य स्राव
- गर्भस्थ शिशु की हलचल में कमी

प्रसव के दौरान

- प्रसव पीड़ा के बिना पानी की थैली का फटना
- योनी से रक्त स्राव
- ऐंठन/फिट्स (झटके)
- 12 घंटे से अधिक समय से प्रसव पीड़ा
- प्रसव के बाद आंवल वेग योनी में छूटना

प्रसव उपरांत

- अत्यधिक रक्त स्राव यानी कि प्रसव के बाद 20–30 मिनट में 2–3 पेड का उपयोग
- चेहरे और हाथ पर सूजन के साथ या बगैर ऐंठन (झठके), गंभीर सिरदर्द और धुंधला दिखाई देना
- बुखार
- तेज पेट दर्द
- सांस लेने और स्तनपान में मुश्किल
- बदबूदार योनी स्राव (लोकिया)
- स्तनों में भराव और कड़ापन, निप्पल फटना
- मूलाधार (पेरिनियल) सूजन और संक्रमण
- मूत्र त्यागने में अक्षम या मूत्र के समय जलन
- प्रसव उपरांत मूड में परिवर्तन

4.2 जांच सूची 2 : खतरे के लक्षण जो एक नवजात में देखे जाने चाहिए

- शिशु को बुखार है या छूने पर ठंडा लगता है
- शिशु स्तनपान नहीं कर रहा है – ठीक से नहीं चूसना (मुंह में छाले या सफेद धब्बे हो सकते हैं)
- वह बीमार दिखाई देता है (सुस्त या चिड़चिड़ा)
- सांस तेज या सांस लेने में मुष्किल
- गंभीर रूप से छाती का अंदर की ओर धंसना (जब बच्चा सांस लेता है तो निचली छाती की दीवार अंदर धंसती है)
- नाभि का हिस्सा लाल या सूजा हुआ या उससे मवाद निकलना
- नवजात शिशु का शरीर संचालन सामान्य से कम है (सामान्य रूप से नवजात एक मिनट में कई बार अपने हाथ, पैर हिलाता है या सिर घुमाता है)
- पीलिया
- त्वचा संक्रमण – लाल धब्बे जिसमें मवाद हो या एक बड़ा फोड़ा
- ऐंठन (झटके)
- शिशु को डायरिया हो/मल में खून/मूत्र–मल त्याग में अक्षम
- जन्मजात विसंगति
- आंखों से स्राव (लाल या संक्रमित)
- थका हुआ और सुस्त शिशु

4.3 जांच सूची 3 : गृह भेंट हेतु

- निम्न परिवारों को प्राथमिकता दें :
  1. गर्भवती महिला
  2. प्रसव उपरांत महिला
  3. नवजात
  4. शिशु और कुपोशित बच्चे
  5. योग्य दम्पत्ति
  6. लम्बी बीमारी से ग्रसित रोगी
  7. डायरिया/एआरआई पीड़ित बच्चे
- ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में नियमित प्रसव पूर्व जांच न करवाने वाली गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए प्रेरित करना
- प्रसव उपरांत महिलाओं को गृह आधारित देखभाल
- टीकाकरण सत्र से छूटे बच्चों को शामिल करना
- बीमार नवजात और बच्चों को रेफर करना
- परिवार नियोजन साधन अपनाने सहित स्वास्थ्य व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करना
- मलेरिया के संभावित मामलों में ब्लड स्मीअर एकत्रित करना या आर.डी.टी. करना और रिकार्ड का रखरखाव पॉजीटिव केस में उपचार प्रदान करना
- जीर्ण/गंभीर रोगों के मामलों में उच्च केन्द्र में जाने की सलाह या संभव घर आधारित देखभाल सुझाव देना
- एल.एल.आई.एन बेड नेट का वितरण और उपयोग; घरों में गुणवत्ता स्प्रे और समुदाय में उपयोग की जा रही बिस्तर मच्छरदानी का कीटाणु रोधी उपचार।
- मातृ और बाल मृत्यु पर मौखिक ऑटोप्सी या कम से कम प्राथमिक पूछताछ
- आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सहायता से परिवारों या समूहों या हितग्राहियों को परामर्श और प्रेरक सत्रों के लिए प्रोत्साहित करना

4.4 जांच सूची 4 : परामर्श विषय हेतु

- बालिका शिक्षा
- विवाह की आयु
- गर्भावस्था के दौरान देखभाल
- गर्भावस्था में माता द्वारा तम्बाकू का सेवन
- जन्म तैयारी/सूक्ष्म जन्म योजना – प्रसव का स्थान और प्रसव के समय सहायिका की उपस्थिति सहित
- संस्थागत प्रसव के लाभ तथा घर में प्रसव के जोखिम
- प्रसव पीड़ा के लक्षण और प्रसूति जटिलता के खतरे के लक्षण
- जटिलता की तैयारी – गर्भावस्था के दौरान, प्रसव पीड़ा और प्रसव/गर्भपात के बाद के जोखिम के लक्षणों को पहचानना
- प्रसव पूर्व और उपरांत जांच करवाने का महत्व
- गर्भावस्था के चिकित्सकीय गर्भपात के दौरान देखभाल
- आहार (पोषण) और आराम पर परामर्श
    1. गर्भावस्था के दौरान सामान्य आहार से अधिक खाने का परामर्श दें – एक गर्भवती महिला को अपनी नियमित आहार से प्रतिदिन अतिरिक्त 300 किलो कैलोरी की आवश्यकता होती है और प्रसव उपरांत अतिरिक्त 500 किलो कैलोरी की आवश्यकता होती है।
    2. गर्भवती महिला के लिए उच्च प्रोटीन आहार का महत्व जिसमें काला चना, मूंगफली दाना, रागी, साबूत अनाज, दूध, अंडा, मीट और सूखे मेवे या अन्य स्थानीय खाद्य सामग्री शामिल है।
    3. विटामिन सी युक्त फल और सब्जियों की अधिक मात्रा लेना जैसे आम, अमरूद, संतरा और मौसम्बी। ये आयरन के अवशोषण को बढ़ावा देता है।
    4. भोजन के एक घंटे के अंदर चाय या काफी सेवन से बचना।
    5. कब्ज से बचाव के लिए फाइबर युक्त आहार।
    6. रात में आठ घंटे सोना व दिन में दो घंटे के आराम और भारी वजन उठाने सहित भारी काम से बचना।
    7. गर्भावस्था के दौरान शराब, किसी भी रूप में तम्बाकू या अफीम जैसे मादक पदार्थों के सेवन से बचना।
    8. योग्य चिकित्सक के परामर्श के बिना कोई अन्य दवाई नहीं लेना।
- गर्भावस्था के दौरान अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता वाली महिलाओं की विशेष श्रेणी में निम्न शामिल हैं :
    1. कम वजनी महिला (45 किलोग्राम से कम)
    2. गर्भावस्था के दौरान सामान्य से अधिक शारीरिक श्रम
    3. गर्भवती किशोर बालिका
    4. पूर्व प्रसव के दो वर्ष के अंदर गर्भवती हुई महिलाएं
    5. एक से अधिक गर्भावस्था
    6. एच.आई.वी. (HIV) ग्रसित महिला

- छह माह की उम्र तक सिर्फ स्तनपान स्तनपान की जानकारी के साथ एवं तत्पश्चात दिऐ जाने वाले पूरक आहार की जानकारी
  1. स्तनपान की शुरुआत जन्म के एक घंटे के अंदर कोलोस्ट्रम पिलाने हेतु।
  2. स्तनपान के पहले कुछ और नहीं पिलाना।
  3. स्तन से शिशु के अच्छे जुड़ाव को सुनिश्चित करना।
  4. छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान करवाना।
- गर्भावस्था के दौरान यौन सम्बन्धों पर जानकारी
- नवजात की देखभाल
  1. सुनिश्चित करें कि शिशु का तापमान ठीक है, सामान्य रूप से सांस ले रहा है, स्तनपान कर रहा है और गर्भनाल साफ है।
  2. अस्पताल से डिसचार्ज से पूर्व सुनिश्चित करें कि शिशु को बीसीजी/ओपीवी–0/हेपेटाइटिस बी–0 टीके लगाए गए हैं।
  3. नाभि, त्वचा और आंखों की देखभाल सुनिश्चित करें।
  4. स्तनपान के दौरान अच्छी तरह से चूसना सुनिश्चित करें।
  5. खतरों के लक्षण के लिए नवजात की जांच करें।
  6. माता और परिजनों को टीकाकरण की सलाह दें।
- नवजात में खतरे के लक्षण : तुरंत देखभाल की आवश्यकता
  1. यदि कम स्तनपान करता है
  2. यदि शिशु को बुखार हो या छूने पर ठंडा महसूस हो
  3. तेज सांस
  4. सांस लेने मे कठिनाई
  5. मल में खून आना
  6. हथेली और तलूए पीले होना
  7. ऐंठन होना
- परिवार नियोजन को प्रोत्साहन
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम/राज्य की अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी
- मलेरिया रोकथाम और उपचार

4.5 जांच सूची 5 : प्रसव पूर्व जांच हेतु

हिस्ट्री लेना : महिला के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानने की आवश्यकता है :

- गर्भावस्था को सुनिश्चित करें (पहली बार जांच करते समय)
- जानकारी लें कि पूर्व की गर्भावस्था में कोई जटिलता हुई थी क्या जो इस बार भी हो सकती है
- किसी वर्तमान मेडिकल/सर्जिकल या प्रसूति स्थिति की पहचान करें जो गर्भावस्था को जटिल बना सकती है
